Title : Regarding water and road related issues of Dadra and Nagar Haveli Parliamentary Constituency-laid

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर **(दादरा और नागर हवेली) :** मेरे संसदीय क्षेत्र दादर एवं नागर हवेली मे पानी एवं सड़क की समस्या पिछले कई सालों से परेशानी का कारण बन चुकी है खासकर गर्मी के दिनों में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है । इस साल भी गर्मी अभी शुरू भी नहीं हुई है बावजूद इसके ग्रामीण इलाकों में पानी की कमी से लोग परेशान हैं । जलस्तर नीचे चले जाने से बोरवेल एवं कुएं सूख गए हैं । नलों में पानी नहीं पहुंचता है । लोगों को कई किलोमीटर दूर तक पानी लाना पड़ता है । लोगों के साथ मवेशियों पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है । जब तक बारिश शुरू में हो जाती है तब तक प्रशासन को पानी की तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए । टैंकर या अन्य माध्यमों से पानी उपलब्ध कराना चाहिए वरना इस साल भी पानी की कमी से लोग जूझते नजर आएंगे । इसी तरह से पिछले कई सालों से प्रदेश की आंतरिक सड़कें अत्यंत खराब हो चुकी हैं । उनका रिपेयर नहीं किया जा रहा है । बारिश के दिनों में तो सड़क कितनी खराब हो जाती है कि चलना मुश्किल हो जाता है । मुख्य सड़कों पर भी काम मंद गति से चल रहा है । हर तरफ सड़कें खोद दी गई हैं । शहर से लेकर गांव तक कड़ी धूप एवं उड़ती धूल में जिंदगी गुजारने को लोग मजबूर हैं । मेरा सड़क एंव राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन है कि तुरंत तेजी से काम किया जाए ।